# दिल्ली विकास प्राधिकरण

वी.न. 21/2025/पीबी–I

## डीडीए में प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निदेशक (लिपिक वर्गीय) (7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–11) के 02 पदों को भरना।

डीडीए प्रतिनियुक्ति के आधार पर 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–11 में उप निदेशक (लिपिक वर्गीय) के 02 पदों को भरने के लिए पात्र अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है। प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड और अन्य नियम व शर्तें निम्नानुसार होंगीः

**उप निदेशक (लिपिक वर्गीय) के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड**

"केंद्र/राज्य सरकार के अधिकारी जो समान पद धारण करते हैं या 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–10 में 5 वर्ष की **नियमित** सेवा वाले अधिकारी या 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–8 में 8 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी या समकक्ष।"

**सामान्य शर्तेंः**

1. प्रतिनियुक्ति की अवधि शुरू में तीन वर्ष की होगी, जिसे वर्ष दर वर्ष आधार पर पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, हालांकि, प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक/विस्तारित अवधि पूरी होने से पहले किसी भी समय दिल्ली विकास प्राधिकरण के विवेक पर इसे समाप्त किया जा सकता है।
2. प्रतिनियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें, डीओपीएंडटी के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन के प्रावधानों द्वारा यथावश्यक परिवर्तनों सहित शासित होंगी तथा समय–समय पर संशोधित की जाएँगी।
3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को आवेदक की आयु छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. उम्मीदवार को मूल विभाग/संगठन में कैडर नियंत्रण प्राधिकारी के माध्यम से निर्धारित प्रारूप (प्रतिलिपि संलग्न) में आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। डीडीए को आवेदन अग्रेषित करते समय संबंधित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित आवेदन प्रारूप का हिस्सा बनने वाले ''नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन'' को भरा और हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।
5. पदों की संख्या डीडीए की आवश्यकता के आधार पर परिवर्तन के अधीन है।
6. इच्छुक और पात्र अधिकारियों के आवेदन, जिन्हें कार्यमुक्त किया जा सकता है, संबंधित कैडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित कैडर मंजूरी, सतर्कता मंजूरी, प्रारूप में विधिवत प्रमाणित और प्रतिहस्ताक्षरित विस्तृत बायोडेटा, पिछले दस वर्षों के दौरान लगाए गए छोटे और बड़े दंडों का विवरण और पिछले 05 वर्षों के सीआर डोजियर के साथ अग्रेषित किए जा सकते हैं।
7. आवेदक को मूल विभाग में मूल पद और 6वें और 7वें सीपीसी के अनुसार केंद्र सरकार के वेतनमानों के अनुरूप उसके द्वारा धारित पद का मूल वेतन भी बताना होगा। एसीपी/ एमएसीपी के तहत वित्तीय उन्नयन का विवरण भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।
8. आवेदकों के कैडर पद की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का स्तर एक्स–कैडर पद के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बराबर होना चाहिए। डीडीए में उप निदेशक (लिपिक वर्गीय) के पद से जुड़े कर्तव्य पूरी तरह से लिपिक वर्गीय हैं और वे भूमि और निर्मित संपत्तियों के आवंटन, संपत्तियों को फ्रीहोल्ड में परिवर्तित करने, मानव संसाधन विकास, भूमि प्रबंधन, राजस्व, सतर्कता, लैंड पूलिंग, अनधिकृत कॉलोनियों में मालिकाना अधिकार प्रदान करने आदि से संबंधित मामलों को देखते हैं।
9. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. अधिकारियों की नियुक्ति पूर्णतः प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के आधार पर की जाएगी। किसी भी प्रकार का आमेलन नहीं किया जाएगा।
11. आवेदक की पात्रता डीडीए में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को निर्धारित की जाएगी।
12. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र, **आयुक्त (कार्मिक), दिल्ली विकास प्राधिकरण, ई–1, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली–110023 के कार्यालय में 04.08.2025** तक पहुँच जाने चाहिए। अपूर्ण/विलंबित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**आयुक्त (कार्मिक)**

हमें फॉलो करें @ddaofficial @official_dda @official_dda या डायल करें टोल फ्री 1800-110332

# दिल्ली विकास प्राधिकरण

वी.न. 21/2025/पीबी–I

## रिक्ति सूचना

दिल्ली विकास प्राधिकरण प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है:–

**उप निदेशक (लिपिक वर्गीय) – 7वें वेतन आयोग के अनुसार लेवल–11 में 02 पद**

केंद्र/राज्य सरकार के अधिकारी, जो समान पद पर कार्यरत हों या 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल–10 में 5 वर्ष की नियमित सेवा प्राप्त अधिकारी या 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल–8 में 8 वर्ष की नियमित सेवा प्राप्त अधिकारी या समकक्ष।

पदों की संख्या डीडीए की आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती है। पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप, निबंधन एवं शर्तों आदि के बारे में पूरी जानकारी के लिए कृपया डीडीए की वेबसाइट **https://dda.gov.in/latest-jobs** देखें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **04.08.2025** है।

**आयुक्त (कार्मिक)**